DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
FRIDAY, DECEMBER 1, 2023

# DDA's Premium Flats Are Now Up For Grabs

## Registration Opens, 500 Applications On Day 1

Vibha.Sharma
@timesgroup.com

**DIWALI SPECIAL HOUSING SCHEME 2023**

**DDA opens registration for 2,093 premium housing units**

*These include*

**1 Dwarka, Sector-19B**

| Super HIG | HIG | Penthouses |
|---|---|---|
| 170 | 946 | 14 |

**2 Dwarka Sector-14**

MIG
316

**3 Lok Nayak Puram**

MIG
647

**Tentative prices**

*Penthouses*
**₹5 crore**

*Super HIG*
**₹2.5 crore**

*HIG*
**₹2.1 crore**

*MIG*
**₹1.2 crore to ₹1.4 crore** in Dwarka and **₹1 crore to ₹1.2** crore in Lok Nayak Puram

| Last date for online registration | Commencement of online e-auction | Non-adjustable, non-refundable registration fee |
|---|---|---|
| **December 29** | **January 5** | **₹2,500** |

Earnest money deposit for bidding process | ₹10 lakh for MIG, ₹15 lakh for HIG, ₹20 lakh for super HIG and ₹25 lakh for penthouse

**New Delhi:** Delhi Development Authority opened registration on Thursday for buyers of premium flats to be sold through online auction. Under the Diwali Special Housing Scheme 2023, there are 2,093 middle-income, high-income, super high-income group flats and penthouse on sale in southwest Delhi's Dwarka Sector 19B and Sector 14 and west Delhi's Loknayak Puram.

There are 170 super HIG and 946 HIG flats and 14 penthouses in Dwarka 19B, 316 MIG flats in Dwarka Sector 14 and 647 MIG flats in Lok nayak Puram. For a penthouse, the tentative reserve price is Rs 5 crore, for a super HIG flat Rs 2.5 crore, for HIG Rs 2.1 crore and for a MIG flat, Rs 1.2-1.4 crore in Dwarka and Rs 1-1.2 crore in Loknayak Puram. The last date for online registration is December 29.

There were 500 registrations on the first day on Thursday. "There are already curious visitors coming in large numbers to check the flats at the gated colony in Dwarka 19B. The bidders are free to carry out field inspections," said a DDA official.

Registration requires a non-adjustable, non-refundable amount of Rs 2,500. Then, to participate in the bidding process, the online earnest money deposit is Rs 10 lakh for MIG flats, Rs 15 lakh for HIG, Rs 20 lakh for super HIG and Rs 25 lakh for penthouses.

Meanwhile, 27,000 newly constructed LIG and EWS flats offered under the same scheme on a first-come-first-serve basis have attracted 7,739 registrations since the scheme opened on November 24. The majority of the registrations were for flats in Narela.

Till November 23, under the previous housing scheme (Phase IV), at least 15,000 registrations were received for the 6,070 flats offered, of which over 2,300 flats have found buyers so far. To avoid confusion, the registration for this scheme has been put on hold right now.

A DDA official said at the lieutenant governor's instance, the restrictive norms that deterred buyers were removed, such as the barring of people owning a flat or plot in Delhi from buying a DDA flat. It also became possible for prospective buyers to visit the site and choose the property they wanted to own while also making it legal for buyers to amalgamate two neighbouring flats. DDA has also widely advertised the features of the flats, such as their being freehold properties with provisions for lifts, parks, playgrounds and other facilities.

At the same time, a comprehensive plan to develop the Narela area in terms of connectivity and ensuring overall upgradation of the locality by establishing university campuses, court and prison complexes, hospitals and a boosting metro connectivity also seems to have encouraged buyers, as per the marketing agency hired by DDA for the scheme, said an official.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 1 दिसंबर 2023

# 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' स्कीम के तहत अब तक 7736 रजिस्ट्रेशन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



**24 नवंबर** को लॉन्च हुई डीडीए की 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' स्कीम के तहत अब तक 7739 रजिस्ट्रेशन हो चुके है। स्कीम में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 24 नवंबर से शुरू हुई थी। स्कीम में 27000 फ्लैट्स शामिल किए गए हैं।

डीडीए के अनुसार, यह फ्लैट एलआईजी और ईडब्ल्यूएस के है। इनमें से ज्यादातर फ्लैट नरेला में हैं। महज पांच दिनों में इतने रजिस्ट्रेशन से डीडीए उत्साहित है। एलजी वी के सक्सेना ने इस स्कीम से पहले कई शर्तो को आसान किया था। बताया जा रहा है कि इसकी वजह से ही फ्लैट्स के प्रति लोगों का रिस्पांस बढ़ा है। पिछले कुछ सालों के दौरान डीडीए के फ्लैट्स की डिमांड नहीं थी। इसलिए बिना बिके फ्लैट्स डीडीए के लिए सिरदर्द बने हुए थे। अब यह फ्लैट्स तेजी से बिक रहे हैं।

**इस स्कीम में 27000 फ्लैट्स शामिल किए गए है**

एलजी वीके सक्सेना ने स्कीम से इस शर्त को हटाया कि जिन लोगों के पास दिल्ली में अपना फ्लैट या प्लॉट है, वह डीडीए स्कीम में अप्लाई नहीं कर सकते। इसकी वजह से अब जिन लोगों के परिवार बड़े हो गए हैं, वह लोग फ्लैट ले रहे है। साथ ही, डीडीए ने लोगों को फ्लैट देखने के बाद इसकी बुकिंग करवाने का विकल्प दिया। साथ ही, दो लगते फ्लैट को जोड़कर एक बनाने का विकल्प भी लोगों के पास है।

फ्लैट में मौजूद सुविधाओं जैसे फ्री होल्ड प्रॉपर्टी, लिफ्ट, पार्क, प्लेग्राउंड, एसटीपी आदि के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसके साथ ही नरेला में कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिशें की। साथ ही, नरेला में यूनिवर्सिटी कैंपस, कोर्ट और कैदी कॉम्प्लेक्स, अस्पताल, मेट्रो को पुश किया। इसकी वजह से लोगों की दिलचस्पी इन फ्लैट्स में बढ़ी है। 'पहले आओ पहले पाओ' स्कीम में रजिस्ट्रेशन करवाने वाले 83 प्रतिशत लोग फ्लैट खरीद रहे हैं।

# शास्त्री पार्कः अब सिर्फ सरकारी कागज़ों में बची है कोट मार्केट

## रोड पर अतिक्रमण, सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा

■ राम त्रिपाठी, शास्त्री पार्क

**करीब** 8 साल पहले शास्त्री पार्क के अंसारी रोड के किनारे बनाई गई कोट मार्केट अब केवल डीडीए के सरकारी कागजों में है। हकीकत में वो फर्नीचर मार्केट बन चुकी है। कुछ दुकानें मार्बल का सामान बेचने की भी हैं। दुकानदार लंबे समय से सरकारी जमीन, फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर चुके हैं।

डीडीए ने योजना के तहत जामा मस्जिद की कोट मार्केट को हटाकर शास्त्री पार्क में बसाया था। 6X4 की करीब 500 खोखेनुमा दुकानें प्रभावित लोगों को आवंटित की गई थी। दुकानें टीन की चादर से बनी थीं। मार्केट के बीच में 20 से 25 फुट का करीब 250 मीटर का एक मेन रास्ता था। 20 फुट चौड़ी और 300 मीटर लंबी टू वीलर पार्किंग भी थी। अब हालात एकदम उलट हो गए हैं। खोखेनुमा दुकानों की जगह कई पक्के बड़े शोरूम बन गए हैं। आसपास की खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा करके दुकान और गोदाम बना लिए गए हैं। दुकानों की संख्या अब 700 तक पहुंच गई है। पार्किंग की जगह पर भी अवैध रूप से गोदाम बने हुए हैं। पिछले साल सितंबर में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन लिया था। एक्शन की कमान संभाले एसडीएम (सीलमपुर) शरत कुमार ने दोबारा अतिक्रमण की आशंका जाहिर की थी, जो सही साबित हुई है। एसडीएम ने बताया कि अवैध कब्जा डीडीए को देखना चाहिए, जो नहीं हो रहा है।



अंसारी रोड के किनारे बनाई गई मार्केट अब फर्नीचर मार्केट बन चुकी है

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
FRIDAY, DECEMBER 1, 2023

# New old-age home to come up at Paschim Vihar, city's fourth

Atul.Mathur@timesgroup.com

**New Delhi**: Delhi government is likely to open a new old-age home in west Delhi's Paschim Vihar soon, taking the total number of such facilities in the capital to four.

Officials said the construction of the five-storeyed geriatric care building is complete and final touches are being given to the centre. The new residential home for the city's elderly living the lives of destitute will be able to accommodate 96 persons.

Delhi government's social welfare department currently operates old age homes in Bindapur, Wazirpur and Kanti Nagar while eight others, including the one in Paschim Vihar, are at various stages of planning and construction.

According to officials, destitute men and women above 60 years, who are bona fide residents of Delhi and do not have anyone to support them, are eligible to stay in old age homes provided they do not suffer from any infectious or communicable disease.

**SOCIAL WELFARE MINISTER SAYS**

**We are setting up more centres to ensure our elderly who do not have any kind of support live a peaceful life and do not face any kind of inconvenience**

"We are setting up more centres to ensure our elderly who do not have any kind of support live a peaceful life and do not face any kind of inconvenience. We will make cutting edge facilities available free of cost to senior citizens at old age homes," Delhi social welfare minister Raaj Kumar Anand said.

"Though we do not want anyone to feel the need to shift to an old age residence as the place cannot provide the sense of belonging and safety found at home, those who are forced to, should receive all the homelike facilities, as we feel the true measure of any society can be found in how it cares for its elderly members," he added.

Anand said the government has planned the location of old age homes in such a way that they are evenly spread across the city. While the one at Paschim Vihar is expected to open within this month, construction of the Sarita Vihar home is going on in full swing and may become ready for opening in the end of 2024 or early 2025.

The officials of social welfare department said they will soon have a meeting with the public works department where a powerpoint presentation on the concept for Vasant Kunj, Janakpuri, Rohini and Geeta Colony would be made. These homes would take a little over a year to be built from the date construction begins. The social welfare department has sought an alternate piece of land from Delhi Development Authority in Chhatarpur for the home.

Hindustan Times

# Few takers for DDA luxury flats, 500 register on Day 1

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Registrations for the new luxury apartments offered by Delhi Development Authority (DDA) found few takers on the first day, with only 500 people signing up for the 1,130 flats — HIG, super HIG, and penthouses — on offer.

LIG apartments and those reserved for the economically weaker section (EWS) category did not fare much better, with DDA receiving only 7,739 registrations for the 27,000 flats -- mostly located in Narela -- since the online portal opened on November 24.

The luxury houses will be allotted through an e-auction, while the other flats are allotted on a first-come-first-serve basis, officials said. The last date of registration is December 29 and e-auctions will begin in phases from January 5.

The 14 penthouses come with a reserve price of Rs 5 crore — the highest price at which DDA has launched any residential property in the city — while the reserve price for the 170 Super HIG flats is around ₹2.5 crore, and that for 946 HIG flats is ₹1.4 crore. A prospective buyer of these luxury flats will have to deposit ₹25 lakh for the penthouses, ₹20 lakh for Super HIG, and ₹15 lakh for HIG flats.

These apartments are part of what DDA is billing as a luxury society in Dwarka Sector 19B — around 13km from the Indira Gandhi International (IGI) airport — and will be ready to move in by December-end or January, officials said.

"This is our premium scheme that had several queries beforehand and many people waiting for it. However, serious registrations take a few days as the deposit amount is also high. We are expecting better response in the coming days. Overall, we have seen a much better response to our residential schemes this year, compared to the last few years," said a DDA official.

DDA officials said that immediately preceding the opening of the current scheme, around 20,000 probable buyers signed up, adding that 83% of the registrations have converted into actual sales.

Since 2014, DDA schemes have received a poor response, and during the last financial year, the authority announced losses amounting to over ₹18,000 crore, mostly due to an unsold inventory of around 40,000 flats, most of which are located in Narela.

On Thursday, officials from the lieutenant governor's office said the LG has taken several decisions to ensure that DDA's unsold inventory is cleared.

"Relaxing the eligibility and other norms to allow ownership of more than one flat in Delhi, coupled with an aggressive outreach campaign, seem to have made a substantial difference. DDA, that has been burdened with an unsustainable inventory of unsold houses, finally appears to be taking a turn as far as sale of houses is concerned," said an official from the LG's office.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- THE INDIAN EXPRESS, FRIDAY, DECEMBER 1, 2023

NAV BHARAT UDYAN PHASE 1

# Work on 30-acre garden, museum space along Yamuna to kick off soon

DAMINI NATH
NEW DELHI, NOVEMBER 30

THE GOVERNMENT'S plan to set up the Nav Bharat Udyan (New India Garden), a 30-acre campus of gardens, a museum and public spaces along the Yamuna near Purana Qila, is likely to kick off soon, according to sources.

Proposed as a part of the Central Vista redevelopment plan in 2019, the garden will be located behind Purana Qila, near Pragati Maidan. The location is in a straight line from the Central Vista, which is the stretch from Rashtrapati Bhawan to India Gate, marking a notional extension of the Central Vista, as per the plan.

The Central Public Works Department (CPWD) on November 24 floated a tender for Rs 35.08 crore for Phase I of the project. The bidding would be open till December 9 and the successful bidder would have 6 months to complete the project, as per the tender document.


Phase one includes construction of minor bridges over the existing drain, internal roads, surface parking, laying of foundation and stone-base pedestal, water supply and drainage, walkways and boundary walls.

According to the CPWD's plans, the garden will have various domes and walkways with the themes of "Tech Museum", "Sphere of Unity", "Milestones Walkway" and "Journey of India". A "Growth Plaza" with 36 columns representing each state and union territory is also being planned. An open-air theatre for performing arts, along with a water feature depicting the Namami Gange Mission would be located on one side of the garden, as per the plan. The entrance to the garden would be based on the Martand Temple. The garden would be part of the larger 118-hectare Amrut Biodiversity Park being developed by the Delhi Development Authority.

Apart from the recent tender, the CPWD has also started work on the Tech Museum by seeking bids for its planning and design on November 2.

"A contemporary Tech Museum is envisioned in the Nav Bharat Udyan; that will be a premiere exhibition space focusing on disseminating information on achievements of the nation using the latest technology. The objective of the museum is to provide visitors a better understanding and to create a sense of pride amongst them about the achievements of our nation in various fields," the tender document said.

The museum would use 3D mapping, touch-enabled displays, projections and holograms, as well as conventional exhibits, the tender said.




**OPEN-AIR THEATRE**
For theatrical & performing arts, water feature depicting 'Namami Gange Mission'

**GROWTH PLAZA**
Guarded by 36 columns representing each state and union territory

**JOURNEY OF INDIA**
Glimpses of the transformation of India through a journey from past to present to future

**TECH DOME**
Showcasing achievements in various fields and indigenous products

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली
शुक्रवार
1 दिसंबर 2023

WSPAPERS----------------------------------------

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 1 दिसंबर, 2023

# लैंडपूलिंग नीति के तहत 20 लाख फ्लैट बनेंगे

**अच्छी खबर**

■ राहुल मानव

नई दिल्ली। राजधानी में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की लैंडपूलिंग पॉलिसी के तहत 20 लाख से अधिक फ्लैट का निर्माण किया जाएगा। अगले दो वर्षों में फ्लैटों का निर्माण शुरू हो जाएगा।

डीडीए को उम्मीद है कि एक से डेढ़ वर्ष में सभी जोन में संघ (कंसोर्टियम) के गठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, जिसके बाद ये संघ चरणबद्ध तरीके से सभी जोन में फ्लैटों का निर्माण शुरू कर देंगे। डीडीए ने सभी जोन में जमीन मालिकों को संघ का गठन करने के लिए तात्कालिक और अंतिम नोटिस भेजने शुरू कर दिए हैं।

> लैंडपूलिंग नीति के तहत जमीन मालिक कई लोगों के साथ मिलकर संघ बनाएंगे। सभी जोन में एक से डेढ़ वर्ष में संघ का गठन होने की उम्मीद है। दो वर्ष के अंदर सभी जोन में फ्लैटों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इसमें डीडीए की 40 फीसदी और जमीन मालिक की 60 फीसदी हिस्सेदारी होगी।
>
> – सुभासीष पन्डा, उपाध्यक्ष, डीडीए

## इस तरह बनाए गए जोन

- पी-2 जोन बख्तावरपुर गांव से आगे तिग्गीपुर व आसपास के क्षेत्र में
- एन जोन नरेला, बवाना और कंझावला क्षेत्र में बनाया गया है
- एल जोन द्वारका और नजफगढ़ के पीछे ढांसा बॉर्डर तक
- के-1 व के-2 जोन द्वारका और वसंतकुंज के आसपास के क्षेत्र में
- जे जोन को घिटोरनी और आसपास के क्षेत्र में बनाया गया है



## फ्लैट की संभावित कीमत

| | |
|---|---|
| ईडब्ल्यूएस फ्लैट | 11 लाख से 35 लाख रुपये तक |
| एक कमरे का फ्लैट | 30 लाख रुपये से शुरुआत |
| दो कमरों का फ्लैट | 1 करोड़ रुपये से शुरुआत |
| तीन कमरों का फ्लैट | 1.5 करोड़ रुपये से शुरुआत |
| चार कमरों का फ्लैट | 2 करोड़ रुपये से शुरुआत |

# लग्जरी फ्लैटों का पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली, व. सं.। दिल्ली में दो हजार से अधिक लग्जरी फ्लैटों के लिए गुरुवार से पंजीकरण शुरू हुआ। डीडीए की वेबसाइट पर 2500 रुपये में जीएसटी के साथ फ्लैट के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यह शुल्क वापस नहीं होगा।

पहली बार ई-नीलामी के जरिए इन फ्लैटों की बिक्री होगी। डीडीए ने इनके लिए बयाना राशि तय की है। दो कमरों के एमआईजी फ्लैटों के लिए 10 लाख रुपये, तीन कमरों के एचआईजी फ्लैटों के लिए 15 लाख रुपये, चार कमरों के सुपर एचआईजी फ्लैटों के लिए 20 लाख रुपये और पांच कमरे के पेंटहाउस के लिए 25 लाख का बयाना देना होगा।

# डीडीए फ्लैटों के लिए पांच दिन में सात हजार से अधिक पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: डीडीए की नई पहले आओ पहले पाओ योजना के लिए पांच दिनों में ही 7739 पंजीकरण हो गए हैं। 24 नवंबर को 27 हजार फ्लैटों वाली यह योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत अधिकांश फ्लैट नरेला में हैं। इसी योजना के 23 नवंबर तक चले चरण चार में डीडीए 20,000 संभावित खरीदारों को आकर्षित करने में कामयाब रहा है। इनमें से अब तक 83 प्रतिशत पंजीकरण बिक्री में परिवर्तित हो चुके हैं।

एलजी के आदेश पर योग्यता में बदलाव और अन्य मानदंडों में ढील देने से फ्लैटों की बिक्री में काफी अंतर आया है। आवासीय प्रभारी अधिकारी का कहना है कि डीडीए पर बिना बिके मकानों का बोझ है, लेकिन नए प्रविधानों से आखिरकार मकानों की बिक्री बढ़ती दिख रही है। एलजी ने खरीदारों को दूर रखने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। दिल्ली में फ्लैट और प्लाट का मालिकाना हक रखने वाले डीडीए का फ्लैट नहीं खरीद सकते थे, इस नियम को खत्म किया गया है। संभावित खरीदार साइट पर जाकर पसंद की संपत्ति का चयन कर सकते हैं और दो फ्लैटों को मिलाकर एक बनाने की छूट देने से खरीदारों की रुचि बढ़ी है।

# डीडीए आवासीय योजना के बारे में सवाल पूछें

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के 30 हजार से अधिक फ्लैटों के लिए शुरू किए गए पंजीकरण में ब्रोशर को ठीक से पढ़ें। पहले आओ-पहले पाओ आवासीय योजना के बारे में डीडीए के कॉल सेंटर के नंबर 1800110332 पर कॉल करके योजना से जुड़े सवाल पूछ सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

1 दिसम्बर • 2023 राष्ट्रीय सहारा

# डीडीए ने लांच की ई-नीलामी के जरिए फ्लैटों की बिक्री की योजना

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिवाली स्पेशल आवासीय योजना-23 के दूसरे चरण को बृहस्पतिवार को लांच कर दिया। इसमें कुल 2093 फ्लैट शामिल हैं। इन फ्लैटों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से होगी। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गयी है और आखिरी तारीख 29 दिसम्बर है। ई-नीलामी प्रक्रिया 5 जनवरी को संपन्न होगी। यह फ्लैट द्वारका के सेक्टर-19बी, 14 और लोकनायकपुरम में उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि डीडीए ने इस चरण में शामिल पेंटहाउस की आरक्षित कीमत 501 लाख रुपए रखी है, जबकि सुपर एचआईजी फ्लैटों की कीमत 250 लाख रुपए आरक्षित की गई है। फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया मार्च, 2024 से शुरू होकर जून तक चलेगी।

डीडीए ने बृहस्पतिवार देर शाम को आवासीय योजना के दूसरे चरण का ब्रोशर जारी कर दिया। ब्रोशर में कुल 2093 फ्लैट शामिल हैं। एमआईजी फ्लैट के लिए आवेदन करने वालों को 10 लाख रुपए, एचआईजी (थ्री बेड रूम) के लिए 15 लाख रुपए, सुपर एचआईजी (फोर बेडरूम) के लिए 20 लाख रुपए और पेंटहाउस के लिए 25 लाख रुपए अर्नेस्ट मनी जमा करानी होगी। इसमें कुल 14 पेंटहाउस शामिल हैं और यह सभी द्वारका सेक्टर-19बी फेज-2 में उपलब्ध हैं, जबकि इसी जगह 170 सुपर एचआईजी और 946 एचआईजी फ्लैट उपलब्ध हैं, जबकि एमआईजी फ्लैट द्वारका सेक्टर-14 में 316 और 647 एमआईजी फ्लैट लोकनायकपुर में उपलब्ध हैं।

dainikbhaskar.

# डीडीए की योजना के तहत पेंटहाउस, एचआईजी फ्लैट के रजिस्ट्रेशन शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की नई आवासीय योजना के ई-नीलामी प्रारूप के तहत गुरुवार को 'पेंटहाउस', सुपर एचआईजी और अन्य फ्लैट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। डीडीए ने ई-विवरणिका के जरिए पंजीकरण शुरू करने की घोषणा की है। इन फ्लैट को ई-नीलामी प्रारूप के जरिए आवंटित किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हुई। दिवाली विशेष आवासीय योजना 2023, नवनिर्मित या शीघ्र तैयार होने वाले फ्लैट की ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए आवंटन से संबंधित है।

द्वारका के सेक्टर-19 बी में 14 पेंटहाउस, 170 सुपर एचआईजी और 946 एचआईजी, जबकि सेक्टर-14 और लोक नायक पुरम में क्रमशः 316 और 647 एमआईजी फ्लैट हैं। अधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन ई-नीलामी 5 जनवरी, 2024 को शुरू होगी। अधिकारियों के अनुसार, 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर फ्लैट आवंटन की योजना के लिए पंजीकरण 24 नवंबर को शुरू हुआ था और यह योजना 31 मार्च 2024 को बंद हो जाएगी। इस योजना के तहत मौजूद फ्लैट नरेला, द्वारका और नायक पुरम में स्थित हैं।

### डीडीए ने नरेला इलाके को लेकर नया प्लान बनाया

डीडीए ने दिल्ली के नरेला इलाके को लेकर अब एक और नया प्लान तैयार किया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर डीडीए ने नरेला में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम समेत पांच सितारा होटल और विश्व स्तर की स्वास्थ्य सुविधा तैयार करने के लिए 50 एकड़ जमीन की पहचान की है।

THE HINDU

# Nearly 8,000 apply for flats under new DDA scheme

**The urban body's housing scheme opened on November 24 with over 30,000 flats on offer**

Satvika Mahajan
NEW DELHI

The Delhi Development Authority (DDA) has received 7,739 applications for flat bookings within six days of launching its 'Diwali Special Housing Scheme 2023', said sources.

The DDA's latest first-come-first-serve scheme opened for registrations on November 24, with over 30,000 flats on offer across locations, including Dwarka, Lok Nayak Puram, and Narela. The flats, priced according to income categories, start at ₹11 lakh and go up to ₹1.7 crore. The majority – 19,996 flats – are earmarked for lower-income groups (LIG), while 7,436 are set aside for the economically weaker sections (EWS). As many as 1,976 flats are for middle-income groups (MIG) and 1,184 for high-income groups (HIG).

The scheme has been dubbed a success so far, as per DDA officials.

**Unsold flats**

However, Narela, a sub-city in north Delhi, has been a hub of unsold inventory for the urban body, with as many as 50,000 flats lying vacant. DDA sources have cited high prices, a lack of security, health infrastructure, and basic civic amenities as factors behind the decline in people registering for DDA housing schemes.

Last year, the civic body pushed to boost these schemes by relaxing norms around the purchase of flats and an aggressive outreach campaign.

One of the factors keeping buyers away, a DDA official said, was the criteria that rendered any person already owning property in the Capital ineligible to buy a DDA house. This restriction was removed in 2022. To further encourage sales, the urban body has also permitted prospective buyers to visit the site before choosing a property and made it possible for buyers to amalgamate two neighbouring flats into a single unit. This overhaul of existing norms, the official said, has paid dividends.

**L-G leads the change**

Lieutenant-Governor V.K. Saxena has pushed for an improvement in not only residential facilities but surrounding areas as well, with newly built elevators, parks, and playgrounds in the residential complexes adding to the incentives of purchasing a flat, said the official.

"The DDA has been burdened with an unsustainable inventory of unsold houses, but that finally appears to be taking a turn," the official added.

On November 29, the DDA, on the L-G's direction, identified 50,000 acres of land in Narela for the development of an international cricket stadium and a five-star hotel. The urban body is also drawing up plans to improve connectivity to the sub-city with the possible extension of a Delhi Metro line.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED---

पंजाब केसरी
DELHI

# डीडीए फ्लैटों के लिए पांच दिन में ही सात हजार से अधिक पंजीकरण

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की नई पहले आओ पहले पाओ योजना के लिए पांच दिनों में ही 7739 पंजीकरण हो गए हैं। मालूम हो कि योजना के तहत अधिकांश फ्लैट नरेला में हैं। एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर योग्यता में बदलाव और अन्य मानदंडों में ढील देने को लेकर लिए गए फैसले, आगे बढ़कर चलाए गए अभियान से फ्लैटों की बिक्री में काफी अंतर आया है। आवासीय प्रभारी एक अधिकारी का कहना है कि डीडीए पर बिना बिके मकानों का बोझ है, लेकिन नए प्रविधानों से आखिरकार मकानों की बिक्री के मामले में परिवर्तन आता दिखाई दे रहा है।

सक्सेना ने खरीदारों को दूर रखने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने के लिए लगातार प्रयास किया है। दिल्ली में फ्लैट/प्लाट के मालिकों को डीडीए के फ्लैट खरीदने से अयोग्य बनाने के नियम को खत्म करने के अलावा संभावित खरीदारों के लिए साइट पर जाकर अपनी पसंद की संपत्ति के चयन को संभव बनाना, साथ ही आस-पास के दो फ्लैटों को मिलाकर एक बनाने जैसे प्रावधानों से खरीददारों को प्रोत्साहन मिलता प्रतीत हो रहा है, जिसका लाभ भी हुआ। इसी तरह, फ्लैटों की बिक्री के लिए दिए गए विज्ञापन में आवासीय परिसरों में फ्लैटों के फ्री होल्ड संपत्ति होने, लिफ्ट, पार्क, खेल का मैदान, एसटीपी जैसी सुविधाओं के बारे में प्रमुखता से जानकारी देकर खरीदारों को फ्लैट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डीडीए द्वारा नियोजित मार्केटिंग एजेंसी के अनुसार नरेला क्षेत्र के विकास के लिए बनाई गई विस्तृत योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसरों, अदालत, जेल परिसरों, अस्पताल का निर्माण और मैट्रो के जरिए कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करने से भी खरीदारों को फ्लैट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पहले आओ-पहले पाओ योजना के पूर्व के चरण-चार में, जो 23 नवंबर तक था, डीडीए योजना के तहत फ्लैट खरीदने के लिए पंजीकरण कराने वाले लगभग 20,000 संभावित खरीदारों को आकर्षित करने में कामयाब रहा है। इनमें से अब तक 83 प्रतिशत पंजीकरण वास्तविक बिक्री में परिवर्तित हो गए हैं।

amarujala.com
शुक्रवार, 1 दिसंबर 2023

# ई-नीलामी से 2093 फ्लैटों को बेचेगा डीडीए, योजना लॉन्च

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी सबसे आवासीय योजना-23 का दूसरा चरण बृहस्पतिवार को लॉन्च किया। योजना में ई-नीलामी के तहत 2093 फ्लैट बेचे जाएंगे। इन फ्लैटों कीपंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है और 29 दिसंबर तक पंजीकरण कराया जा सकेगा। ई-नीलामी प्रक्रिया पांच जनवरी को संपन्न होगी।

डीडीए के अनुसार, ई-नीलामी में शामिल फ्लैट द्वारका सेक्टर-19बी, 14 और लोकनायकपुरम में उपलब्ध हैं। इस चरण में शामिल पेंटहाउस की आरक्षित कीमत पांच करोड़ लाख रुपये रखी है, वहीं सुपर एचआईजी फ्लैटों की कीमत ढाई करोड़ रुपये आरक्षित की गई है। इस योजना में 14 पेंटहाउस शामिल हैं और यह सभी द्वारका सेक्टर-19बी फेज-2 में उपलब्ध हैं, जबकि इसी जगह 170 सुपर एचआईजी और 946 एचआईजी फ्लैट उपलब्ध हैं, वहीं एमआईजी फ्लैट द्वारका सेक्टर-14 में 316 और 647 एमआईजी फ्लैट लोकनायकपुर में उपलब्ध हैं। ब्यूरो

## आवंटन प्रक्रिया मार्च से होगी शुरू

डीडीए इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया मार्च से शुरू करेगा और जून तक फ्लैट आवंटित करने का कार्य पूरा किया जाएगा। एमआईजी फ्लैट के लिए आवेदन करने वालों को 10 लाख, एचआईजी (थ्री बेड रूम) के लिए 15 लाख, सुपर एचआईजी (फोर बेडरूम) के लिए 20 लाख और पेंटहाउस के लिए 25 लाख रुपये के तौर पर धरोहर राशि जमा करानी होगी।